दिनांक: 07.10.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट से प्रदेश का विकास तेज़ गति से होगा–प्री समिट की तैयारियों को लेकर की समीक्षा बैठक।
- अंतरिक्ष स्टार्ट–अप के क्षेत्र में भारत, विश्व में तीसरे स्थान पर पहुंचा।
- जयपुर के नाहरगढ़ जैविक उद्यान में आज से टाइगर सफारी की शुरूआत।
- महिला टी–20 क्रिकेट विश्व कप में भारत ने पाकिस्तान को छह विकेट से हराया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट–2024 से प्रदेश का विकास तेज़ गति से होगा। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार के पहले साल में ही इस समिट के आयोजन से प्रदेश में औद्योगिक विकास का विस्तार होगा और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे। श्री शर्मा कल मुख्यमंत्री आवास पर प्री समिट आयोजन की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक ले रहे थे। उन्होंने विभागों के अधिकारियों को पॉलिसी निर्माण का कार्य गहन विश्लेषण के साथ पूरा करने को कहा, जिससे पॉलिसी सरल, स्पष्ट और गुणवत्तापूर्ण बन सके और इससे उद्यमियों को निवेश करने में आसानी हो। श्री शर्मा ने ब्रोशर, प्रजेंटेशन, ऑडियो–वीडियो फिल्में, स्पीच, टॉकिंग पॉइंट और विभागीय नीतियों का सारांश तैयार करने का काम समय रहते पूरा करने के निर्देश दिये। बैठक के दौरान उन्होंने प्री समिट में प्रमुख कॉर्पोरेट्स, व्यापार संघों, सीईओ, शोधकर्ताओं और विशेषज्ञों को आमंत्रित करने की भी बात कही। इस बीच, उद्योग और वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ के नेतृत्व में राज्य सरकार का प्रतिनिधिमंडल कल सिंगापुर इन्वेस्टर मीट में शामिल होगा। चार दिन की यात्रा के दौरान ये प्रतिनिधि मंडल वहां के गणमान्य व्यक्तियों और व्यापार जगत के लोगों से मुलाकात कर उन्हें प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित करेगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तीसरे कार्यकाल में पहले सौ दिनों में किये गये महत्वपूर्ण कामों के बारे में जानकारी देने के लिए आकाशवाणी जयपुर के प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में विशेष श्रृंखला चलाई जा रही है। आज हम आपको बता रहे हैं, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय की सौ दिनों की उपलब्धियों के बारे में।

...............

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा है कि अंतरिक्ष स्टार्ट–अप के क्षेत्र में भारत, विश्व में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले सौ दिनों की महत्वपूर्ण उपलब्धियों के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में देश में अंतरिक्ष स्टार्ट–अप की संख्या 1 लाख 50 हजार से अधिक हो गई है। डॉ. सिंह ने बताया कि इस क्षेत्र में उद्यम निधि के लिए एक हजार करोड़ रुपये रखे गए हैं। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्रावधान की अनुमति देने की सरकार की नई पहल नए उद्यमियों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण साबित हुई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सार्वजनिक पद पर आज 23 वर्ष पूरे कर लिए हैं। वर्ष 2001 में आज ही के दिन श्री मोदी पहली बार गुजरात के मुख्यमंत्री बने थे। केंद्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के शुरू किए गए कई कल्याणकारी कार्यक्रम गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी की पहल से प्रेरित हैं। 'गुजरात मॉडल' कहे जाने वाले ये उपाय जल संरक्षण, पौधारोपण अभियान, संविधान का उत्सव मनाने, स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने और खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने से संबंधित हैं।

जयपुर के नाहरगढ़ जैविक उद्यान में आज से टाइगर सफ़ारी की शुरूआत होने जा रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इसका उद्‌घाटन करेंगे। इस मौके पर वन तथा पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा और नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा भी मौजूद रहेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि करीब साढे चार करोड़ रुपये की लागत से तैयार हुई ये सफारी जयपुर की पांचवीं वाइल्ड लाइफ सफारी होगी।

...........

झालावाड़ के कोलाना स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय एयर स्ट्रिप का निर्माण अब अंतिम चरणों में है। इस एयर स्ट्रिप के निर्माण को बारीकी से देखने और आने वाले समय में कमियों को दूर करने के लिए विशेषज्ञों के एक दल ने हवाई पट्टी को जांचा। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस दौरान दल ने 120 किलोमीटर से अधिक की रफ्तार से रनवे पर कार को दौड़ा कर देखा और गहनता से पूरे रनवे का निरीक्षण किया।

.............

स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने एसआई भर्ती परीक्षा 2021 में धांधली कर परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले दो ट्रेनी एसआई को गिरफ्तार किया है। राजस्थान पुलिस एकेडमी में प्रशिक्षण ले रहे ये दोनों ट्रेनी भाई–बहन हैं। एसओजी के एडीजी वीके सिंह ने बताया कि ये पेपर उन्होंने सारण गैंग से खरीदा था। वहीं इस मामले में कुछ अन्य लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

महिला टी–20 क्रिकेट विश्व कप में भारत ने कल पाकिस्तान को छह विकेट से हरा दिया। दुबई में खेले गए मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 105 रन बनाए। भारत की टीम ने 13 गेंद शेष रहते ही ये लक्ष्य हासिल कर लिया। भारत की ओर से अरूंधती रेड्डी ने तीन विकेट लिये। भारत का अगला मुकाबला बुधवार को श्रीलंका से और 13 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया से होगा।

भारतीय रिजर्व बैंक–आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की बैठक आज से शुरू हो रही है। तीन दिन तक चलने वाली इस बैठक में आरबीआई की प्रमुख ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं होने की संभावना है।